पंजाब केसरी 28/02/2023

# भौतिक विज्ञान विभाग ने कालेज में किया कार्यक्रम का आयोजन

अम्बाला छावनी, 27 फरवरी (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से विज्ञान दिवस समारोह के उपलक्ष में रमन इफैक्ट नामक एक वृत्त चित्र दिखाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को डा. सी.वी. रमन के सम्मान में हर साल विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस डॉक्यूमैंट्री के माध्यम से स्क्रीनिंग कर 53 छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। वहीं ऑफिसियेटिंग प्राचार्य डा. सीमा कंसल ने छात्रों को डा. सी.वी रमन के पद्चिन्हों पर चलने और भविष्य में देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों को हमेशा मंजिल मिलती है।

इस मौके पर डा. एस.के पांडे, डा. नियति, डा. एस.के बाटला, डा. नेहा अग्रवाल, डा. उपेंद्र कौर, मिस दीप्ति धीमान और डा. राजेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।